UPAU120015022021

**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0, बिधूना, औरैया।**

**सिविल वाद संख्या–452/2021**

जय किसान शि0स0 प्रबन्धक सतीशचन्द्र बनाम महावीर सिंह आदि।

**दिनांकः–10.07.2026**

पत्रावली पेश हुयी। पुकार करायी गयी। पुकार पर कोई भी पक्षकार उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। पत्रावली लंच बाद पेश हो।

**(कुशाग्र मिश्र)**
सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0,
बिधूना, औरैया।
JO Code : UP4693

लंच बाद

पत्रावली लंच बाद पेश हुई। पुकार करायी गयी। बार–बार पुकार पर कोई भी पक्षकार उपस्थित नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त वाद वास्ते पक्ष संचालन हेतु नियत है। प्रस्तुत वाद न्यायालय के समक्ष सन 2021 से लम्बित है। वादी द्वारा प्रस्तुत वाद स्थाई निषेधाज्ञा के अनुतोष हेतु प्रतिवादीगण के विरुद्ध योजित किया गया है। वादी पिछली कई नियत तिथियों से लगातार अनुपस्थित है। वादी को पक्ष संचालन हेतु न्यायहित में समुचित अवसर प्रदान किया जा चुका है। वाद उपरोक्त में वादी आज लंच बाद भी अनुपस्थित है। उसकी ओर से कोई अधिवक्ता भी उपस्थित नहीं आया। ऐसा दर्शित होता है कि उभयपक्ष को उपरोक्त वाद चलाने में रूचि नहीं है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

**आदेश**

अतः उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में आदेश 9 नियम 3 सी0पी0सी0 में खारिज की जाती है। सिविल वाद संख्या–452/2021 नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार की जाये।

**(कुशाग्र मिश्र)**
सिविल जज (जू0डि0)/जे0एम0,
बिधूना, औरैया।
JO Code : UP4693

Digitally signed by KUSHAGRA MISHRA
Date: 2026.07.10 16:22:50 IST
Reason: Order
Location: Civ JD/JM Outlying Court, Bidhuna